तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 जुलाई 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

3 बनने के बाद उखड़ने लगी नवनिर्मित सड़क, जगह-जगह आई दरारें












# मेडिकल कॉलेज में दो वर्षों में पूर्ण नहीं हो पाई 445 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 445 पदों पर भर्ती को लेकर शुरू की गई प्रक्रिया 2 साल में भी पूर्ण नहीं हो पाई है।

- सवा लाख से अधिक आए आवेदनों की चल रही स्क्रूटनी, जुलाई 2022 में निकली थी भर्ती

एक तरफ मेडिकल कॉलेज फैकल्टी की कमी से जूझ रहा है और इसकी मान्यता पर खतरा मंडरा रहा है तो वहीं दूसरी ओर रिक्त पर कर्मचारियों की भर्ती नहीं होने से आने वाले समय में मुश्किलें और भी बढ़ सकती है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में नौकरी करने की लालसा में फार्म भरने वाले युवाओं के सब्र का बांध भी अब टूटने लगा है। हैरानी की बात तो यह है कि चुनाव खत्म होने के बाद भी अब तक इस दिशा में किसी प्रकार की पहल नहीं की गई है।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा मेडिकल कॉलेज में 39 पदों के 445 रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई थी। रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया हेतु अधिसूचना जुलाई 2022 में जारी की गई थी और अगस्त माह तक आवेदन लिए गए। कॉलेज प्रबंधन द्वारा नियम के तहत पांचवीं अनुसूची के तहत यह भर्ती सिर्फ सरगुजा संभाग के युवाओं के लिए निकाली गई थी और मेडिकल कॉलेज में नौकरी पाने के लिए संभाग भर से युवाओं ने आवेदन किए थे। आवेदन करने के लिए स्पीड पोस्ट का प्रावधान किया गया था जिसके बाद पोस्ट ऑफिस में आवेदन फॉर्म जमा करने को लेकर युवा जद्दोजहद करते नजर आए थे। इस दौरान विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई। सारी मुसीबतों को झेलते हुए 445 पदों के लिए संभाग से मेडिकल कॉलेज में 65 हजार से अधिक आवेदन आए थे लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने 2012 से लागू नियम को निरस्त कर दिया और हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने उन अधिसूचनाओं को निरस्त कर दिया जिसके तहत ये भर्तियां की जा रही थी। इन अधिसूचनाओं को संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 के विपरीत माना गया था जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया स्थगित कर दी गई थी। इसके साथ ही बाद में प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई आरक्षण नीति के कारण मामला अटक गया। प्रदेश सरकार की आरक्षण नीति को मंजूरी नहीं मिल पाई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश में 58 प्रतिशत आरक्षण के साथ भर्तियों की अनुमति प्रदान कर दी है और कोर्ट के निर्देश के बाद एक बार फिर से राज्य स्तर पर अधिसूचना जारी कर 445 पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए। सितंबर माह के प्रथम सप्ताह तक रिक्त पदों के विरुद्ध राज्य व संभाग स्तर से मिलाकर 1 लाख 25 हजार से अधिक आवेदन मेडिकल कॉलेज में आए थे।



### अब तक नहीं हो पाई स्क्रूटनी

मेडिकल कॉलेज में 445 रिक्त पदों के विरुद्ध प्रदेशभर से सवा लाख से अधिक आवेदन आने के बाद कॉलेज प्रबंधन इनके छटनी करने की बात कह रहा है। फिलहाल आवेदनों को खोलकर इंद्राज किया जा रहा है। इसके बाद यह तय किया जाएगा कि किन पदों के लिए परीक्षा ली जानी है और किन पदों पर सीधे साक्षात्कार लेकर नौकरी दी जाएगी लेकिन इन सब के बीच बड़ी चुनौती सभी आवेदनों को खोलकर जानकारियों को दर्ज करना है। आवेदनों को इंद्राज करने का काम कार्यालयीन कर्मचारी ही कर रहे है। कर्मचारी कॉलेज व अस्पताल के काम के साथ ही इस कार्य को कर रहे है इस लिए प्रक्रिया बेहद धीमी है। यही वजह है कि विगत जुलाई 2022 में शुरू हुई प्रक्रिया दो वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो पाई है।

### फिर से आवेदन लेने पर विचार

मेडिकल कॉलेज में 445 पदों पर भर्ती प्रक्रिया विगत दो वर्षों से विभिन्न कारणों से अटकी हुई है। पदों के विरुद्ध पहले ही सवा लाख आवेदन आ चुके है। इस बीच बताया जा रहा है कि शासन एक बार फिर से इन पदों के लिए प्रदेश के युवाओं को आवेदन करने का मौका देने पर विचार कर रही है। आवेदन के लिए फिर से 15 दिवस का समय देने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में यदि ऐसा होता है तो पहले से ही मौजूद सवा लाख आवेदन की स्क्रूटनी अब तक नहीं हो पाई है और फिर से आवेदन का मौका देने से अतिरिक्त एक से सवा लाख तक आवेदन आ जाएंगे इससे निश्चित रूप से भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो जाएगी।

### पहले से मान्यता पर खतरा

मेडिकल कॉलेज में वर्तमान में फैकल्टी की कमी सबसे बड़ी समस्या है और एनएमसी ने भी कॉलेज प्रबंधन को चेतावनी दी है कि आने वाले समय में यदि फैकल्टी की कमी दूर नहीं हुई तो कॉलेज को जीरो इयर किया जा सकता है। वहीं फैकल्टी की कमी के कारण सीटें भी घटने की संभावना है। इस बीच भर्ती प्रक्रिया अटकने से कॉलेज में कर्मचारियों की कमी भी नजर आएगी जो कॉलेज की मान्यता पर बुरा असर डाल सकती है।

### चल रही है प्रक्रिया

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आए हुए आवेदनों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया चल रही है। आवेदनों को संधारित करने का कार्य कार्यालयीन कर्मचारी ही कर रहे है। भर्ती का आदेश पहले संभाग स्तर पर निकाला गया फिर राज्य स्तर से आवेदन मंगाए गए। इसलिए इसमें समय लग रहा है लेकिन हम अपनी तरफ से जल्द से जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने का प्रयास कर रहे है।

-डॉ. आर मूर्ति अधिष्ठाता
आरएसडीकेएस शासकीय मेडिकल कॉलेज

## रथ खींचने श्रद्धालुओं में होड़, देर शाम पहुंचे मौसी के घर

# शहर में धूमधाम से निकली महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की रथ यात्रा



रथ यात्रा में प्रसाद वितरण करते मंदिर समिति के सदस्य।



रथ खीचते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर में धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ अपने रथ पर सवार होकर मौसी के घर जाने के लिए निकले। इस दौरान शहर में जगह जगह महाप्रभु का स्वागत किया गया और रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण के बाद देर शाम दुर्गा बाड़ी स्थित मौसी के घर पहुंचे।

**खास बात**

- 9 दिनों बाद होगी घर वापसी

भगवान अब नौ दिनों के बाद अपने घर वापस लौटेंगे। मान्यता के अनुसार जेठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ विशेष स्नान करते है और उसके बाद वे बीमार होकर एकांतवास में चले जाते है। भगवान के एकांत वास में जाने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे और भगवान के रथ को भी मंदिर से बाहर निकाल दिया गया था। भगवान जगन्नाथ ने स्वस्थ होने के बाद पहली बार अपने दर्शन दिए इस दौरान उनका नेत्रोत्सव मनाया गया। इस दौरान कलश, चक्र आदि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई वहीं मंदिर में उभजात्रा पूजा की गई। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी और रथ की साज सज्जा की जा रही थी। परम्परानुसार शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन भगवान स्वस्थ होकर गुडिचा यात्रा पर अपने मौसी के घर जाते है। भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर जाने के लिए रथ पर सवार होकर निकले। इसके पूर्व डॉ. राजेंद्र नारायण परीडा व पत्नी श्रीमती डॉ. भावना परीडा ने भगवान व रथ की विधि विधान से पूजा की। पूजा अर्चना व आरती के बाद भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर में निकली। रथ यात्रा में उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के लोग सहित बड़ी संख्या में शहर के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और मंगलमय जीवन की कामना की। दोपहर में पारंपरिक पूजा के साथ महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा माता की प्रतिमा को फूलों से सजे रथ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापित कर रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा जोड़ा पीपल होते हुए चोपड़ापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंची पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, संगम चौक, ब्रह्मरोड, सदर रोड, महामाया चौक होते हुए देर शाम को देवीगंज रोड स्थित दुर्गा बाड़ी पहुंची। दुर्गा बाड़ी को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना जाता है। दुर्गा बाड़ी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई।

### रथ यात्रा में शामिल हुए सांसद

रविवार को रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। रथ यात्रा में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज सहित अन्य नेता शामिल हुए। रात यात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल, नगाड़े, घंटी की थाप पर श्रद्धालु झूमते रहे। इससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की और पुष्प वर्षा की। भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ अगले नौ दिनों तक मौसी के घर रहेंगे। इस दौरान मौसी के घर उत्कल समाज द्वारा नौ दिनों तक उनकी परंपरागत ढंग से पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद उनको वापस श्रद्धालुओं द्वारा रथ पर बैठाकर केदारपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर लाया जाएगा।

### प्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा का नगर में जगह-जगह हुआ स्वागत

बिश्रामपुर। उड़ीसा के पुरी की तर्ज पर रविवार को कोयलांचल बिश्रामपुर में उत्कल समाज द्वारा रथयात्रा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं में रथ खींचने की होड़ मची रही।रथयात्रा के अवसर पर पिछले पखवाड़े भर से उत्कल समाज द्वारा इसकी तैयारी की जा रही थी।महापर्व की शुरुआत पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान के कार्यक्रम से शुरू हुआ।इसमें उत्कल समाज बिश्रामपुर द्वारा जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में महाप्रभु जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ मंदिर से बाहर निकल कर पूर्णिमा के अवसर पर देव स्नान करवाकर कार्यक्रम को धूमधाम से विधि विधान अनुसार संपन्न किया गया, रविवार को प्रभु को पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद रथ में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले, इस अवसर पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी सहित एसईसीएल के अधिकारी रथयात्रा में आमजनों के साथ शामिल हुए।जगन्नाथ मंदिर से निकली रथयात्रा मुख्य मार्ग का भ्रमण कर मां सरस्वती मंदिर मौसी के घर पहुंचेगी। इस अवसर पर समाज के अशोक स्वाई,विशाल स्वाई, सेनापति प्रधान, एल सी त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, प्रदीप त्रिपाठी, अक्षय साहू, अलंकार नायक, विद्याधर श्रीनाथ देहूरी, प्रभाकर स्वाई एवं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, गीता स्वाई, मंजू स्वाई, लीलावती, अनुराधा प्रधान, सविता,रीता त्रिपाठी प्रभासिनी नायक,कुन्नी सहित समस्त उत्कल समाज व बड़ी संख्या में नगरवासी रथयात्रा आयोजन में शामिल हुए।



## मैनपाट में लहराएगा देश का सबसे ऊंचा 415 फीट का तिरंगा झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में देश का दूसरा सबसे बड़ा तिरंगा लहराएगा। मैनपाट में लहराने वाले तिरंगा झंडा की ऊंचाई 415 फ़ीट होगी। तिरंगा झंडा की स्थापना नर्मदापुर में की जाएगी। झंडा स्थापित करने के साथ ही पार्क का निर्माण किया जाएगा। झंडा पार्क निर्माण के लिए 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन कर लिया गया है जबकि शासन से भी 4 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है।

- शासन से झंडा पार्क के लिए मिली 4 करोड़ की स्वीकृत, विधायक ने किया स्थल का निरीक्षण

झंडा पार्क निर्माण को लेकर रविवार को कलेक्टर व विधायक ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें कि सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मैनपाट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश का दूसरा सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा स्थापित करने की मांग की थी। विधायक द्वारा की गई मांग पर अब सीएम की स्वीकृति मिल गई है और शासन से झंडा पार्क निर्माण के लिए 4 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की गई है। राशि स्वीकृति के बाद आज विधायक राम कुमार टोप्पो ने कलेक्टर सरगुजा व एसडीएम के साथ मैनपाट में प्रस्तावित स्थल का दौरा किया। इस दौरान झंडा पार्क निर्माण के लिए नर्मदापुर में 20 एकड़ जमीन का चिन्हांकन किया गया जिसके बाद कलेक्टर ने प्रशासनिक अमले को उस जमीन को झंडा पार्क के लिए आरक्षित करने का निर्देश दिया। हालांकि प्रस्तावित भूमि पर लगभग 3 एकड़ में अवैध कब्जा भी है जिसे हटाने की कार्रवाई भी प्रशासन द्वारा की जाएगी। मैनपाट के झंडा पार्क में 415 फीट ऊंचा तिरंगा झंडा फहराएगा जबकि भारत में सबसे ऊंचा झंडा पार्क अटारी के बाघा बार्डर में है जिसकी ऊंचाई 418 फीट है। मैनपाट में फहराने वाले ध्वज को लोग कई किलोमीटर दूर से देख सकेंगे और निश्चित रूप से इस ध्वज के लहराने से मैनपाट सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। बताया जा रहा है कि स्वीकृत 4 करोड़ रुपए की राशि में से 1 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए है जिसके बाद जल्द ही झंडा पार्क निर्माण का काम शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने बताया कि हमने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मैनपाट में एक पार्क और देश के दूसरा सबसे ऊंचा तिरंगा झंडा की मांग की थी। शासन से स्वीकृति मिल गई है नर्मदापुर में 20 एकड़ में पार्क का निर्माण किया जाएगा और पार्क में ही 415 फीट का तिरंगा झंडा फहराएगा। आज से ही इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।



निरीक्षण करते विधायक, कलेक्टर व अन्य।

## खबर संक्षेप

### जबरन धर्म परिवर्तन करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

राजपुर। धर्म परिवर्तन करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक जबरन घर में घुसकर युवक के परिवार के सदस्यों को झांसे में लेकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहा था।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दुप्पी निवासी 39 वर्षीय शिव कुमार मानिकपुरी के घर लगभग 6 माह से भरत चेरवा आना जाना कर रहा था और उसके परिवार के सदस्यों को धर्म परिवर्तन के लिए बहला फुसला रहा था। शिव कुमार द्वारा मना किए जाने के बाद भी युवक उनके घर जाकर जबरन धर्म परिवर्तन का प्रलोभन दे रहा था। 7 जुलाई की सुबह जब शिव कुमार घर पर नहीं था तो मौके का फायदा उठाकर भरत चेरवा सुबह 10 बजे पुनः उसके घर पहुंच गया और परिवार के सदस्यों को धर्म परिवर्तन पर बच्चों को अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अच्छी नौकरी का भी प्रलोभन दे रहा था। सूचना मिलने पर जब शिव कुमार मानिकपुरी घर पहुंचा तो उसने धर्म परिवर्तन का विरोध किया लेकिन भरत चेरवा समझाने के बाद भी धर्म परिवर्तन करने पर अड़ा हुआ था। ऐसे में उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम सिंगचौरा निवासी 36 वर्षीय भरत चेरवा आ. दिलबोध चेरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 299 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### जमीन पर सोते समय सांप काटने से बच्ची की मौत

राजपुर। जमीन पर सोते समय करैत सांप काटने से दस वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ग्राम ठरकी निवासी 10 वर्षीया रेशमी कोड़ाकु आ. श्रीराम कोड़ाकु बीती रात खाना खाने के बाद दादी के साथ जमीन पर सो गई थी। इस दौरान देर रात दो बजे उसके बाएं हाथ पर कुछ काटने का एहसास हुआ। जब परिजन ने देखा तो वहां जहरीला सांप करैत था। सांप काटने से बच्ची बेहोश हो गई जिसके बाद उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची ने दम तोड़ दिया।

## खरीदी केंद्र प्रभारी समेत 4 लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# भंवरमाल समिति में 77 लाख से अधिक का धान गायब, 11 पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले की समितियों में बोगस धान खरीदी का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पुलिस ने पुनः भंवरमाल धान खरीदी केंद्र में 77 लाख रुपए से अधिक के धान खरीदी में की गई अनियमितता के मामले में खरीदी प्रभारी समेत 11 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज करने के साथ ही मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक मंडल का नेता भी शामिल है। पुलिस शेष 7 आरोपियों की तलाश कर रही है।

बताया जा रहा है कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित भंवरमाल के धान उपार्जन केंद्र भंवरमाल में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। धान के उठाव के दौरान डीएमओ बलरामपुर द्वारा डीओ काटा गया तो समिति में करीब 2300 क्विंटल धान नहीं मिला। इसकी शिकायत कलेक्टर बलरामपुर से की गई। शिकायत पर सहायक आयुक्त कार्यालय, पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा मामले की जांच कराई गई तो केंद्र में 2316 क्विंटल धान एवं 22158 नग बारदाना कम पाया गया। ऐसे में अंकेक्षण अधिकारी बी तिर्की द्वारा समिति में धान खरीदी की जांच की गई। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि समिति में कुल 75409.66 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से खरीदी प्रभारी राजू गुप्ता व लालजी गुप्ता द्वारा 23331.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई और 23331.60 क्विंटल धान का उठाव किया गया। इसके बाद खरीदी प्रभारी विक्रम गुप्ता आ. संजीवन गुप्ता द्वारा 52078 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसमें से 49761.92 क्विंटल ही धान का उठाव किया गया और शेष धान समिति में गायब था। जांच में इस बात की पुष्टि हुई कि समिति में फर्जी किसानों का रकबा दर्ज कर बोगस धान की खरीदी की गई और शासन के राशि की हेराफेरी की गई। जांच के दौरान समिति में कुल 2316.08 क्विंटल धान कम मिला जिसकी कीमत 71 लाख 79 हजार 848 रुपए है जबकि 22158 बारदाना भी कम पाया गया जिसकी कीमत 5 लाख 53 हजार 950 रुपए है। इस तरह समिति में कुल 77 लाख 33 हजार 798 रुपए की अनियमितता पाई गई। इस मामले की शिकायत खाद्य निरीक्षक प्रशांत राजवाड़े द्वारा रामानुजगंज थाने में की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में खरीदी प्रभारी विक्रम गुप्ता, गेट प्रभारी उदय प्रजापति, फड़ मुंशी अनिल सिंह आ. भगेश्वर सिंह, संदीप आ. राम विचार सिंह, धर्मेंद्र आ. शिवकुमार, सोमारू आ. बाबूलाल एक्का, शंकर प्रजापति आ. भोला प्रजापति, कुलदीप सोनवारी आ. मुंशी राम, विजय सिंह आ. गंझू, बारदाना प्रभारी अंकित गुप्ता आ. राकेश गुप्ता, जितेंद्र कुशवाहा के खिलाफ धारा 409, 34 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।




### इनकी हुई गिरफ्तारी

धान खरीदी के दौरान 77 लाख रुपए से अधिक का गबन करने के मामले में पुलिस ने खरीदी केंद्र प्रभारी भंवरमाल निवासी विक्रम गुप्ता आ. संजीवन गुप्ता, सोमारू एक्का आ. बाबूलाल एक्का, धनपुरी निवासी विजय सिंह आ. गंझू सिंह, नगरा निवासी जितेंद्र कुशवाहा आ. रामस्वरूप कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से विक्रम गुप्ता भाजयुमों का नेता है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है जबकि मामले में शेष 7 आरोपियों की तलाश जारी है।



7 Ambikapur-BHOOMI-pg-2_Layout 1 7/7/2024 9:29 PM Page 1





# राम चरण ने पूरी की 'गेम चेंजर' की शूटिंग

**मुंबई।** कॉलीवुड के मशहूर निर्देशक शंकर और सुपरस्टार राम चरण की अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'गेम चेंजर' पर सभी की निगाहें टिकी हैं। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को अपने करियर की यादगार परियोजना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 50वीं प्रोडक्शन फिल्म है। फिल्म की शूटिंग में लगातार राम चरण और टीम व्यस्त थे। अब आखिरकार राम चरण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं खबर यह भी है कि 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी करने के बाद अब राम चरण 'उप्पेना' फेम बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म पर फिलहाल अपना ध्यान लगा सकते हैं।

लाइफ Style

# हिना
## कैंसर के कारण निकाला बाहर?

हिना खान कैंसर से जंग लड़ रही हैं और अब इसका असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी देखने को मिल रहा है। खबर आ रही है कि उन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार के 'राप्चिक रीटा' से मेकर्स ने रातोंरात रिप्लेस कर दिया है। उनकी जगह किसी और एक्ट्रेस ने ली है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डैमेज्ड' एक्ट्रेस हिना खान को डिज्नी+ हॉटस्टार की अपकमिंग कोर्ट ड्रामा 'रापचिक रीता' में एक वकील का किरदार निभाना था। लेकिन ब्रेस्ट कैंसर के खुलासे के बाद उन्हें रिप्लेस कर दिया है। जानी-मानी एक्ट्रेस को उनकी जगह कास्ट किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज में हिना की जगह 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा को लिया गया है। हालांकि, न तो निर्माताओं और न ही एक्ट्रेस ने अभी तक इस अपडेट की पुष्टि की है। जैसे ही ये खबर सामने आई, हिना खान के फैंस नाराज हो गए। वो डिज्नी प्लस हॉटस्टार और 'रापचिक रीता' के मेकर्स पर नाराजगी जाहिर करने लगे। एक फैन ने ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा, 'वो (हिना) कैंसर से जूझ रही हैं, वे उनके ठीक होने का इंतजार नहीं कर सकते? ये बहुत क्रूर है।' दूसरे यूजर ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार को टैग करते हुए लिखा, 'शर्म आनी चाहिए!' हिना ने बताया कि लोगों को भले ही उनके शरीर पर निशान दिख रहे हों, लेकिन उनकी आंखों में उम्मीद है। वो इस भयानक बीमारी का डटकर सामना कर रही हैं। फैंस और सिलेब्स भी उनके लिए दुआ मांग रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'सुपरमैन' के सेट से तस्वीरें हुईं लीक

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स गन की नई फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हुई हैं, जिसमें सुपरमैन हथकड़ी में नजर आया। सुपरमैन बने डेविड कोरेनस्वेट को मिलिट्री ने गिरफ्तार किया है और सिटी हॉल ले जा रहे हैं। 'सुपरमैन' के साथ ब्लैक कलर की कॉस्ट्यूम में एक नकाबपोश व्यक्ति भी नजर आ रहा है। जेम्स गन की नई सुपरमैन फिल्म आ रही है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। लीक तस्वीरों में एक्टर डेविड कोरेनस्वेट सुपरमैन के रोल में नजर आ रहे हैं।



# एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे बिखेरेंगे अपना जादू...

**मुंबई।** देश के बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट से होने जा रही है। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक ये कार्यक्रम होगा। जिसमें इंटरनेशनल स्टार के आने की खबर है। बताया जा रहा है कि एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे परफॉर्म कर सकते हैं। पिछले दोनों ही फंक्शन में इंटरनेशनल स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इसकी रौनक बढ़ाई थी। और अब शादी में भी कुछ नामी सितारों को बुलाने का प्लान हो रहा है। देश के अरब-खरबपति मुकेश अंबानी अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी के बेटे में शायद हर शौक पूरा करना चाह रहे हैं। दो प्री-वेडिंग सेरेमनी के बाद शादी भी धूमधाम से करने चा रहे हैं। मार्च महीने में तीन दिन जामनगर में तो मई के आखिर तीन दिनों तक क्रूज पर जमकर पार्टी हुई। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले शादी के फंक्शन में ये सिंगर्स परफॉर्मेंस देने के लिए भारत आ सकते हैं।



# मैंने हमेशा गलत पुरुषों को किया डेट...

**मुंबई।** अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपनी अभिनय प्रतिभा के बूते इंडस्ट्री में अलग मुकाम हासिल किया है। नेपाली मूल की मनीषा ने बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में दी हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने व्यक्तिगत जीवन पर बात करती नजर आईं। इस दौरान मनीषा ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में रिलेशनशिप के मामले में काफी कुछ झेला है। मनीषा ने कहा कि उन्होंने गलत पुरुषों को डेट किया है। 'मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं कमरे में सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है।



# मल्लिका के साथ काम करना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'मर्डर' में साथ नजर आए थे। 2004 में आई इस फिल्म में दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। लेकिन, हैरानी की बात ये भी है कि इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच भयंकर झगड़ा भी हो गया था। बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि उस फिल्म के बाद दोनों फिर किसी फिल्म में साथ नजर नहीं आए। दो दशक बाद इमरान हाशमी ने उस तकरार पर अब जाकर चुप्पी तोड़ी है। इमरान हाशमी ने कहा कि वह मल्लिका के साथ दोबारा साथ काम करना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, 'हमने यह सब एक तरफ रख दिया, बहुत समय पहले की बात है। उसे देखना और मिलना बहुत अच्छा लगा। वह बहुत गर्मजोशी से भरी थीं और मैं भी।


टीवी मसाला



# बिग बॉस 17 के टॉप 5 में पहुंचते पहुंचते रह गई थी ये कंटेस्टेंट...

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' सबसे पॉपुलर सीजन में शामिल हो चुका है, जिसकी ट्रॉफी मुनव्वर फारूकी ने अपने नाम की थीं। लेकिन कुछ ऐसे कंटेस्टेंट थे, जिन्हें फैंस ने खूब सपोर्ट किया था। इनमें अभिषेक कुमार, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, मन्नारा चोपड़ा और ईशा मालवीय जैसे कंटेस्टेंट्स का नाम शामिल है। लेकिन फिनाले में जगह बनाने वाले केवल मन्नारा, अंकिता और अभिषेक ही रह गए थे। इसी बीच एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रही, जो सिर्फ उनका 'इस्तेमाल' कर रहे थे। इसका उन्हें पछतावा है। ईशा मालवीय ने कहा, 'कई स्वार्थी लोग मेरे जीवन में आए, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे 'बिग बॉस' में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी।

## बिग बॉस होस्ट करना चाहते हैं गश्मीर



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख हस्तियों ने मेजबानी की है, लेकिन सलमान खान सीजन 4 में कमान संभालने के बाद से प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए हैं। उनके आकर्षक अंदाज और करिश्मे ने कई दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अभिनेता गश्मीर महाजनी ने बिग बॉस होस्ट करने की इच्छा जाहिर की है। गश्मीर रोमानिया में रोहित शेट्टी की 'खतरों के खिलाड़ी 14' की शूटिंग पूरी करने के बाद भारत लौटे हैं। अभिनेता ने बिग बॉस में अपनी रुचि के बारे में बताया, लेकिन एक प्रतियोगी के रूप में नहीं। इंस्टाग्राम सेशन के दौरान, अभिनेता से एक फैन ने पूछा कि क्या वह रिएलिटी शो के अगले सीजन में शामिल होंगे। सवाल का जवाब देते हुए, गश्मीर ने एक प्रतियोगी के बजाय शो में होस्ट के रूप में शामिल होने का अपना सपना बताया। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता को उम्मीद है कि भविष्य में यह किसी दिन हकीकत बन जाएगा।

# 'कमली' में कैट की बॉडी डबल हैं शक्ति मोहन?

**नई दिल्ली।** मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें वह फिल्म 'धूम 3' के कैटरीना कैफ के कमली गाने पर स्टंट करती हुई दिखाई दे रही थीं। कैटरीना कैफ ने इसमें स्टंट किए थे। शक्ति का ये वीडियो देखकर लोगों का कहना था कि शक्ति मोहन इस गाने में कैटरीना की बॉडी डबल हैं। उन्होंने ही गाने में कैटरीना की जगह सभी मुश्किल स्टंट किए हैं। अब शक्ति मोहन ने इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। वह सेट पर कोरियोग्राफर की सहायक थीं और वह खुद फ्लिप नहीं कर सकतीं। शक्ति मोहन ने एक बातचीत में इस वीडियो पर बात करते हुए कहा, 'हां मुझे पता है। ये रील मुझे बहुत लोगों ने भेजी है कि आप बॉडी डबल हो।



मैंने सोचा, जरा सोचो कि मैं बॉडी डबल कैसे बनूंगी? मेरी स्किन का रंग देखो। उनका स्किन टोन देखो, उनकी हाइट देखो। मैं वैभवी को असिस्ट कर रही थी और लोग देख सकते हैं कि मैं मैम के साथ खड़ी हूं और वह डांस कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी एक पेरिस की दोस्त एमिली इसमें बॉडी डबल हैं। हालांकि, कई रूटीन बहुत चुनौतीपूर्ण थे। कैटरीना जोर दे रही थीं कि मैं यह करूंगी। वह पागलपन की हद तक काम कर रही थीं। उनके शरीर पर चोटे भी थीं।' उन्होंने कहा, 'फ्लिपिंग जैसी चीजें होती हैं और ऐसी चीजें जो कोई नहीं कर सकता। महीनों-महीनों की मेहनत के बाद भी आप ऐसा नहीं कर पाते, ये वो चीजें हैं, जो एमिली ने कीं।

# 'औरों में कहां ...' 2 अगस्त को होगी रिलीज





***नई दिल्ली।*** *अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहां दम था' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पहले यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। पहले इसकी टक्कर निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'किल' से होने वाली थी। निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट साझा की है। रोमांटिक ड्रामा फिल्म अब 2 अगस्त को रिलीज होगी। अजय और तब्बू ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट की घोषणा की। तस्वीर के साथ अजय ने लिखा, '2 अगस्त को इंतजार खत्म होगा। औरों में कहां दम था।' नीरज पांडे ने भी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे दोस्तों, हमारी रिलीज की नई तारीख है।' अजय देवगन और तब्बू के अलावा 'औरों में कहां दम था' में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।*

# जब एक पार्टी में एक साथ दिखे अमिताभ जया और रेखा, घूमा कैमरा तो बदल गए तेवर

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड की पार्टीज हमेशा ही लोगों का ध्यान खींचने वाली रही हैं। आज के दौर में पार्टीज की खबर आती है और पैपराजी मौके पर पहुंच जाती हैं। उसके बाद शुरू होता है फोटो पर फोटो खिंचाने का सिलसिला। आज की पार्टीज में सेलिब्रेटीज के कपड़े ज्यादा अट्रैक्शन का कारण बनते हैं। जबकि एक दौर ऐसा था जब पार्टी में आने वाले सेलिब्रिटी सुर्खियां बटोरते थे। खासतौर से अगर एक ही पार्टी में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा तीनों एक साथ हों तो सोचिए वो पार्टी कैसी होगी। नब्बे के दशक की ऐसी ही एक पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीनों एक ही जगह कुछ इस अंदाज में दिखाई दिए।*

### फिल्म फेयर की पार्टी

स्टार रेट्रो 2 नाम के इंस्टाग्राम चैनल ने ये वीडियो शेयर किया है। जिसके कैप्शन के मुताबिक ये साल 1991 में दी गई पार्टी है। जिसे ऑर्गेनाइज किया था फिल्म फेयर ने। उस दौर के तमाम सितारे इस पार्टी में बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दिख रहे हैं। पूनम ढिल्लो और अमृता सिंह के चेहरे की ताजगी ही मूड को खुशनुमा करने के लिए काफी हैं।इसके अलावा अनु अग्रवाल, आमिर खान, अरूणा इरानी, गुलशन ग्रोवर, चिरंजीवी, जलाल आगा, जावेद जाफरी, गुलशन ग्रोवर, भाग्यश्री जैसे कई सितारे इस वीडियो में दिख रहे हैं।




### पार्टी का 'लव ट्रायंगल'

इस पार्टी का सबसे खास अट्रैक्शन हैं अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा. अपने अफेयर और फिर ब्रेकअप की खबरों के बाद अमिताभ बच्चन और रेखा कभी फिल्मी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए। पब्लिक फंक्शन में भी दोनों एक दूसरे के आमने सामने आने से बचते रहे। लेकिन इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि तीनों एक ही पार्टी में मौजूद हैं।अमिताभ बच्चन सूट बूट में अपने एंग्री यंग मैन वाले स्वैग में दिख रहे हैं।तो, जया बच्चन रिच सूट में दिखाई दे रही हैं और रेखा अपनी ट्रेडमार्क बन चुकी गोल्डन साड़ी में खुले बालों के साथ पार्टी इंजॉय करते दिख रही हैं।

# देर रात सुनसान इलाके में अक्षय के साथ नाचते दिखे रणवीर सिंह...


**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने रणवीर सिंह को बर्थडे विश करते हुए सोशल मीडिया पर एक नगीना शेयर कर दिया। इसमें आप रणवीर और अक्षय कुमार का मस्त डांस देख सकते हैं। बॉलीवुड के सबसे एनर्जेटिक एक्टर और परफॉर्मर के नाम से मशहूर रणवीर सिंह ने 6 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर अक्षय कुमार ने अपने सूर्यवंशी कोस्टार को बधाई देते हुए एक अनसीन वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रणवीर और अक्षय दोनों रात के अंधेरे में किसी बिल्डिंग या शायद किसी होटल के पावर प्लान वाले हिस्से में मस्ती से डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय कुमार के हाथ में मोबाइल है वो गाना प्ले करते हैं और रणवीर ने एक स्पीकर अपने कंधे पर उठा रखा है और दोनों नाचते हुए आगे बढ़ रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा में वार्षिक उत्सव 13 को

**सूरजपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा का वार्षिक उत्सव 13 जुलाई से मनाया जाएगा। दुर्गा मंदिर के संरक्षक दीपक अग्रवाल ने बताया है कि इस वर्ष भी मां दुर्गा मंदिर तिलसिवा में वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। 13 जुलाई कलश यात्रा सुबह 9 बजे, सायंकाल 7 बजे भजन एवं 14 जुलाई अखंड रामायण सुबह 9 बजे से व 15 जुलाई अखंड रामायण समापन एवं हवन पूजन और दोपहर भंडारा के साथ संपन्न होगा।



### शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कलेक्टर से कार्रवाई की मांग



**सीतापुर।** प्रधान पाठक द्वारा शासकीय जमीन पर किए जा रहे अतिक्रमण को लेकर कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 2 आदर्शनगर निवासी प्रधान पाठक लक्ष्मण लकड़ा द्वारा मकान का निर्माण किया जा रहा है। मकान निर्माण को लेकर बाल गोविन्द गुप्ता ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है और निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है। आरोप है कि प्रधान पाठक द्वारा गोचर एवं सड़क मद की शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान का निर्माण कराया जा रहा था। इस मामले में सुनवाई के बाद पटवारी के प्रतिवेदन पर तत्कालीन तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी कर निर्माण पर रोक लगाई गई थी। तहसीलदार के स्थगन आदेश के बाद भी शासकीय भूमि पर निर्माण का कार्य जारी था और पुनः सुनवाई के बाद तहसीलदार ने स्थगन आदेश हटा दिया गया था। ऐसे में बालगोविंद गुप्ता ने एसडीएम कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम कार्यालय के बाद आवेदक द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी की गई है। शिकायतकर्ता शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाने और कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान बालगोविंद गुप्ता, आरती कुशवाहा, ओमप्रकाश गुप्ता, देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी



**अम्बिकापुर।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के उपलक्ष्य पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी में पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की अराधना का पर्व रथयात्रा पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। श्रीकृष्ण अपने भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर-भ्रमण पर निकलते है। मान्यता है कि इस पर्व में भगवान के दर्शन, पूजन और रथ को खींचने पर तथा उसमें सहायता करने वाले पर कभी कोई विपत्ति नहीं आती। सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण एक आदर्श पुत्र, भाई, शिष्य, मित्र, पति, प्रेमी और गऊरू हैं। उन्होंने नारी की गरिमा और सम्मान की सदैव रक्षा की। भौमासुर की कैद से छुड़ाई गई नारियों को पत्नी के रूप में स्वीकार किया और बहन सुभद्रा को भी जगन्नाथपुरी में ससम्मान प्रतिष्ठित कर समाज को बहनों की सुरक्षा व उन्हें सम्मान देने के लिए प्रेरित किया। काव्यगोष्ठी में मुकुंदलाल साहू, माधुरी जायसवाल, आशा पाण्डेय, कुमार अजय सागर, अर्चना पाठक, श्यामबिहारी पाण्डेय, आनंद सिंह यादव, अंबरीश कश्यप, यादव विकास ने भगवान कृष्ण पर केंद्रित कविताएं सुनाई। इस दौरान हरिशंकर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, लीला यादव, रणविजय सिंह तोमर, प्रकाश कश्यप, अशोक सोनकर, आरएन अवस्थी, बीएल गुप्ता, एसडी पाण्डेय, आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल महिला मण्डल की सदस्यों ने स्टेडियम परिसर में किया पौधरोपण



**सूरजपुर।** अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर के अग्रसेन स्टेडियम परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी देश वासियों से अपील की है कि भारत का प्रत्येक नागरिक एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर देश में एक-एक पौधा अवश्य लगाए। इसी अभियान के तहत ग्रवाल महिला मण्डल के पदाधिकारी व सदस्यों ने अग्रसेन वार्ड में स्थित अग्रसेन स्टेडियम परिसर में पौधरोपण किया। महिला मण्डल की अध्यक्ष विजया गर्ग ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार ने एक अच्छी सोच के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक कदम बढ़ाया है। इस दिशा में महिला मण्डल द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एक पेड़ मां के नाम लगाने लोगों को जागरूक किया जा रहा है इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती मंजूलता गोयल, मीना गोयल, ममता अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, कनकलता गोयल, काजल अग्रवाल, सीमा गोयल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थी।

## 40 रुपए किलो के ऊपर बिक रही मौसमी सब्जियां

# बारिश शुरू होते ही सब्जियों की कीमतें आसमान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- रसोई से दूर हुई टमाटर की पहुंच
- रसोई के बढ़ते बजट से आम आदमी परेशानी

सब्जियों की लगातार बढ़ रही कीमत से आम आदमी का बजट बिगड़ गया है। अधिक कीमतों के कारण अब हरी सब्जियां आम आदमी की थाली से दूर होती जा रही है। सालों भर दूसरे राज्यों में सब्जियों की आपूर्ति करने वाला सरगुजा में वर्तमान में सब्जियों का उत्पादन कम हो गया है।

पिछले एक महीने से सब्जियों की कीमतें आसमान पर हैं। पूर्व में भीषण गर्मी पड़ने के कारण उत्पादन में कमी आने की बात कही जा रही थी अब वर्षा होने के बाद पुरानी फसल के खराब होने के कारण उत्पादन प्रभावित होने की बात कही जा रही है। हालत यह है कि आलू की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। एक महीने 20-25 रूपए किलो बिकने वाला आलू अब 35 रूपए वहीं प्याज 40 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। व्यापारी आलू-प्याज की कीमतों में और अधिक वृद्धि होने की बात कह रहे हैं। प्याज की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने की संभावना पर बताया जा रहा है बड़ी संख्या में व्यवसाइयों एवं किसानों ने भारी मात्रा में प्याज का भण्डारण कराया है। सब्जियों की कीमतों को लेकर प्रशासन रूचि नहीं लेता। बरसात में लौकी, भिण्डी, तरोई, मूली, खीरा, परवल, कोचई, साकिन, बरबट्टी, कुंदरू आदि मौसमी सब्जियों का पर्याप्त उत्पादन होता है लेकिन वर्तमान में सभी सब्जियां 40 रूपए किलो से ऊपर बिक रही है।

हालांकि थोक मंडी में सब्जियों की कीमतों में वृद्धि नहीं हुई है। थोक मण्डी में अभी भी सब्जियों की कीमत 15-20 रूपए किलो ही है। थोक सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि वर्षा होने के बाद सब्जियों की पुरानी फसल खराब हो गई है। किसानों ने नई फसल लगाई है लेकिन अभी फल निकलना शुरू नहीं हुआ है। नई फसल का उत्पादन बाजार में पहुंचते ही कीमतें नियंत्रित हो जाएगी। पिछले दिनों लगातार एक सप्ताह तक मौसम खराब होने के कारण सब्जियों की आवक में कमी आई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। बारिश के कारण किसान फसल की तोड़ाई तक नहीं कर पा रहे थे। मौसम साफ होने के बाद धीरे-धीरे उपलब्धता बढ़ेगी जिसके बाद कीमतों में कमी आएगी।



गुदरी बाजार में सब्जी खरीदते ग्राहक।

### आने लगा बैंगलोर का टमाटर

बरसात में टमाटर की अधिकांश फसल खराब हो गई है पूर्व में अधिक उत्पादन होने के कारण इस बार टमाटर की कीमतें नियंत्रित रही तथा टमाटर अधिकतम 20-30 रूपए किलो की दर से बिका पिछले एक पखवाड़े से टमाटर की कीमतें आसमान पर पहुंच गई है। चार दिन पूर्व तक टमाटर 80 रूपए किलो की दर से बिक रहा था। मौसम साफ होने के बाद टमाटर की कीमतों में कमी आई है तथा टमाटर 40 रूपए से 60 रूपए किलो की दर से बिक रहा है। बारिश होने के कारण टमाटर की स्थानीय फसल दागदार हो गई है। थोक मण्डी में स्थानीय टमाटर 20 रूपए से 40 रूपए वहीं बैंगलोर का टमाटर 40-60 रूपए किलो बिक रहा है। इस बार पाट क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कृषको ने टमाटर की खेती की है। नई फसल आने पर टमाटर की कीमतें कम होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### प्रशासन का नहीं नियंत्रण

सब्जी बाजार पर प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। ननि प्रशासन व्यवसाइयों से बाजार शुल्क एवं किराया वसूलने तक सीमित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों को राशन दुकानों से ही फुर्सत नहीं मिलती। ऐसे में खुदरा व्यवसायी स्वयं सब्जियों की कीमतें निर्धारित करते हैं। कीमतें निर्धारित करने के लिए व्यवसाइयों ने थोक मंडी की कीमतों से दोगुना दर पर सब्जियां बेचने का सूत्र तय कर लिया है। कम आवक वाली सब्जियों की कीमतें उपलब्धता के आधार पर दोगुना से तीन गुना तक पहुंच जाती है।

### एक पखवाड़े में कम होंगी कीमतें

वर्षा होने के कारण सब्जियों की आवक में कमी आई है जिसका प्रभाव कीमतों पर पड़ा है। मौसम साफ होने पर आवक में कुछ वृद्धि हुई है। एक पखवाड़े में नई फसल की आवक शुरू हो जाएगी तथा कीमतों मे भी कमी आएगी।

-काशीनाथ केशरी
अध्यक्ष, थोक सब्जी विक्रेता संघ



## छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने महामाया मंदिर में की प्रार्थना सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

उत्तर प्रदेश के न्यायिक कर्मचारी संघ के समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ रामानुजगंज द्वारा संघ के अध्यक्ष सुमन कुमार डहेरिया एवं सचिव राजेश शर्मा के नेतृत्व में नगर के कनहर नदी के तट स्थित मां महामाया मंदिर में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

न्यायिक कर्मचारी पदाधिकारी ने कहा कि पूरे भारत का न्यायिक कर्मचारी कार्य के बोझ तले दबा हुआ है। न्यायिक कर्मचारियों को उनके कार्य के अनुरूप वेतनमान कुछ गिने चुने राज्यों को छोड़कर पूरे भारतवर्ष में प्राप्त नहीं हो रहा है। सक्षम अधिकारी एवं राज्य शासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराने एवं अपनी मांगों की पूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश राज्य के न्यायिक कर्मचारियों द्वारा 7 जुलाई को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। इसके समर्थन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ ने उन्हें समर्थन प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज रामानुजगंज के मां महामाया मंदिर में भी प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ के प्रदीप गुप्ता, अनिल कुमार, राजेश शर्मा, अंजलि भगत, विमल टोप्पो, सरस्वती, ज्योति गुप्ता, रश्मि शर्मा, सीमा डिक्सेना, दमयंती पैकरा, बसंत राम प्रधान, दीपक कुमार, दशरथ सिंह, प्रकाश सदावर्ती, राहुल वर्मा, सतीश कुजूर, हरीश कुमार सहित अन्य न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षा नीति पर हुई चर्चा



**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर 6 जुलाई को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस संत गहिरा गुरू विवि के रजिस्ट्रार डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं संस्था के संस्थापक अशोक नाथ तिवारी के उद्बोधन से संगोष्ठी प्रारम्भ हुई। मुख्य वक्ता डॉ.कौशल किशोर शिक्षा नीति की अवधारणा एवं विकास तथा डॉ.शशिकांत यादव ने शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी दी। एसजीजीयू के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रवीण अग्रवाल ने व्यवसायिक शिक्षा, डॉ.अजेय झा ने शिक्षण संस्थान की स्थापना एवं उसके तकनीकी विकास, क्रेडिट सिस्टम के विषय में बताया। कार्यक्रम में श्रीमती रितेश मिश्रा, चेयरमैन प्रमेन्द्र तिवारी, डायरेक्टर नरेन्द्र सिंह टूटेजा, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती प्रीति सोनी, श्रीमती जयमाला सिंह, उपेन्द्र कुमार रवि, संतोष कुमार रानाडे, अरूण कुमार दुबे, श्रीमती प्रियांशु यादव आदि उपस्थित थे।

## एक्सपायरी मिलेट्स बार बांटने पर मंत्री व कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



खबर का असर

स्वामी आत्मानंद स्कूल डांड़करवां में स्कूल प्रबंधन द्वारा लापरवाही बरतते हुए बच्चों को एक्सपायरी मिलेट्स वितरण कर दिया गया। हरिभूमि द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद न सिर्फ प्रशासन हरकत में आया बल्कि कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए है।

कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि मामला गंभीर है। इस तरह की लापरवाही बरतने वाले स्कूल प्रबंधन सहित अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ में खिलवाड़ करने वाले स्कूल प्रबंधन सहित इससे जुड़े हुए लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ में खिलवाड़ या इस तरह की लापरवाही पर तत्काल जांच कर सस्पेंड करने की कार्रवाई की जाएगी। वही इस मामले में महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि समाचार पत्रों के माध्यम से यह मामला सामने आया है। मामले का जांच करने के लिए कलेक्टर सहित शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों को कड़े हिदायत और आदेश दिए गए हैं। मामले की सूक्ष्मता से जांच हो और सख्त से सख्त कार्रवाई हो। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ या शिक्षा के क्षेत्र में किसी प्रकार का अव्यवस्था या लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले का जांच कर तत्काल कार्रवाई करने की अनुशंसा की बात कही है।

## प्रभारी मंत्री ने हाथी पखना में किया पौधरोपण

**अम्बिकापुर।** प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी शनिवार को महामाया पहाड़ स्थित गणपति धाम में पूजा-अर्चना की तथा पौधरोपण किया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने उनसे मंदिर में शेड निर्माण एवं पहुंच मार्ग निर्माण कराने की मांग की।



प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर विलास भोस्कर एवं वनमंडलाधिकारी तेजस शेखर को तत्काल निर्माण कार्यों को कराने के निर्देश दिए। समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम प्रभारी मंत्री को आवेदन सौंप आगामी वर्ष बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से चित्रकारी, गोबर एवं मिट्टी की गणपति प्रतिमा बनाने की स्पर्धा आयोजित की जाएगी जिसमें 5000 प्रतिभागी शामिल होंगे। इस हेतु शासन से 5 लाख अनुदान की मांग की गई है। वित्त मंत्री ने राशि स्वीकृत करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज, क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, भारत सिंह सिसोदिया, अखिलेश सोनी, अनुराग सिंहदेव, आलोक दुबे आदि उपस्थित थे।

### विधायक ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण



**केदमा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन भी बात में देशवासियों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया है। इसी के तहत विधायक राजेश अग्रवाल ने विकासखण्ड लखनपुर के विधायक निवास में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया गया। इस दौरान वन विभाग अनुविभागीय अधिकारी बृजेंद्र ठाकुर, परिक्षेत्र अधिकारी मेरी लकड़ा, वनपाल नरसिंह यादव, प्रेम सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### स्काउट गाइड द्वारा 6 विद्यालयों में किया गया पौधरोपण



**रामानुजनगर।** स्काउट गाइड द्वारा 6 विद्यालयीन परिसरों में कुल 60 पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कन्या शाउमा विद्यालय रामानुजनगर, माध्यमिक शाला कौशलपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सराईपारा, शासकीय उ.मा.विद्यालय पतरापाली में स्काउट गाइड द्वारा पौधारोपण किया गया। सभी शिक्षकों ने एक-एक पौधों को गोद लेकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। ब्लॉक सचिव बिजेंद्र साहू ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन के आधार हैं। वृक्ष वातावरण को शुद्ध रखते और ऑक्सीजन की आपूर्ति करते हैं। इसलिए सभी को कम से कम एक पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण संरक्षण को बचाया जा सका। इस दौरान स्काउट मास्टर नंद कुमार सिंह, आनंद साहू, जाकिर हुसैन, योगेश कुमार साहू, गाइड कैप्टन गुड्डी राही, विजया सिंह एवं स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर शामिल थे। कटहल, जामुन, गुलमोहर, काजू, नीम एवं करंज के 60 पौधे लगाए गए।

## अंतर्राज्यीय जांच चौकी में चलाया गया जांच अभियान

**रामानुजगंज।** जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर अंतरराज्यीय आबकारी जांच चौकी में आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार राजवाड़े एवं चंद्रदीप भगत के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। गौरतलब है कि अंतरराज्यीय नाका से हमेशा मादक पदार्थों के तस्करी किए जाने की सूचना विभाग को मिलते रहती है जिसे लेकर विभाग भी सतर्क नजर आ रहा है। आबकारी उप निरीक्षक अभिषेक कुमार राजवाडे ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ एवं झारखंड दोनों ओर साप्ताहिक बाजार के मद्देनजर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें दो एवं चार पहिया वाहनों की जांच की गई। आबकारी विभाग के सघन अभियान से तस्करों में हड़कंप व्याप्त है। झारखंड में अंग्रेजी शराब सस्ता होने के कारण हमेशा झारखंड से अंग्रेजी शराब की तस्करी छत्तीसगढ़ में होती है वही महुआ शराब भी बड़ी मात्रा में झारखंड से लाया जाता है। ऐसे में विभाग के अभियान से अंग्रेजी शराब एवं महुआ शराब का झारखंड से आना बंद होगा।



## सनकी ग्रामीण ने खेत में बैठकर आम खा रहे मासूम बच्चों पर टांगी से किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 9 वर्षीय बालक अम्बिकापुर के मेडिकल अस्पताल किया गया रेफ़र हालत नाज़ुक

सिरफिरे व सनकी ग्रामीण ने रविवार की दोपहर खेत किनारे बैठकर आम खा रहे दो बच्चे हो रिश्ते में आपस में भाई बहन हैं, पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया है। घटना में दोनों मासूम बच्चों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत बलरामपुर निवासी प्रार्थी वृद्ध मुंशी अगरिया के रिश्ते के नाती 9 वर्षीय विशाल व उसकी बहन 6 वर्षीय रूपा रविवार की दोपहर गांव में ही खेत किनारे अपने साथियों के साथ बैठकर आम खा रहे थे। तभी गांव का ही सिरफिरा आरोपी दिलसाय राजवाड़े ने टांगी लेकर खेत किनारे पहुँचा और बिना किसी वजह के ही दोनों मासूम भाई बहन पर टांगी से प्राणघातक हमला कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों भाई बहन को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया, जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके मासूम बच्चे विशाल को अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया है। प्रार्थी वृद्ध मुंशी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दिलसाय राजवाड़े के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी द्वारा मासूम बच्चों पर हमला करने के पूर्व अपने घर में भी तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया गया। इसके पश्चात सनकी आरोपी द्वारा खेत में जाकर मासूम भाई बहन पर टांगी से हमला कर दिया गया ।

## बिजनेस प्लस

### महिंद्रा पावरोल सीपीसीबी 4 प्लस जेनसेट सरगुजा में लॉन्च

**अंबिकापुर।** महिंद्रा पावरोल अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने रविवार को सरगुजा में अपना सीपीसीबी 4 प्लस डीजल जेनसेट लॉन्च किया। इस डीजल जेनसेट का उत्पाद झारखण्ड रांची के शारदा डीजल के प्लांट में किया जाता है। अधिकृत सेल्स डीलर शास्त्री एसोसिएट के आशीष पांडेय ने रविवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि जनसेट के इन इंजनों को चेन्नई में महिंद्रा रिसर्च वैली में इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्र में डिजाइन किया गया है एवं पुणे और नागपुर में इसके संयंत्र में निर्मित किया गया है। सीपीसीबी 4 प्लस (10वीए-320केवीए) की यह नई रेंज महिंद्रा पावरोल का नवीनतम संयोजन है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है। ये जेनसेट तकनीकी रूप से उन्नत सीआरडीआई इंजन से सुसज्जित हैं। सीआरडीआई इंजन बेहतर और उन्नत कॉमन रेल डीजल इंजन (सीआरडीई) तकनीक से संचालित होते हैं। सीआरडीई तकनीक भविष्य के लिए तैयार है और भारी शुल्क प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के लिए जानी जाती है। यह मानक उत्सर्जन मानदंडों से परे जाकर प्रदूषण को काफी कम करता है। सीपीसीबी 4 प्लस मानदंडों का लक्ष्य नाइट्रोजन ऑक्साइड, पार्टिकुलेट मैटर, और हाइड्रोकार्बन जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन को 90 प्रतिशत कम करना है।



## चिकित्सकों ने महिला की बच्चे दानी से चार ट्यूमर निकाल कर बचाई जान

**सूरजपुर।** जिला अस्पताल में एक और जटिल ऑपरेशन करके बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली से दो बड़े साइज एवं दो छोटे-छोटे साइज के ट्यूमर को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खेम ज्योति जायसवाल द्वारा निकाला गया है। शनिवार को जिला अस्पताल में मानसिक रूप से पीड़ित एक महिला को उसके परिजनों ने अत्यधिक पेट दर्द एवं माहवारी में अनियमितता और पेट में गठान की शिकायत की जांच के लिए ओपीडी में दिखाया। पीड़ित महिला की जांच महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. खेम ज्योति जायसवाल ने किया। जांच के पश्चात मरीज के बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली में लगभग 400-500 ग्राम साइज के दो ट्यूमर और छोटे-छोटे साइज के दो ट्यूमर पाए गए। जिसका संपूर्ण जांच करने के पश्चात डॉ. खेम ज्योति जायसवाल ने महिला का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। ऑपरेशन के दौरान बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली से दो 400 एवं 500 ग्राम साइज के ट्यूमर जो कि मरीज की आंत, आहार नली एवं पेट की मसल लेयर से चिपके हुए थे। उसे डॉ. खेम ज्योति जायसवाल ने कुशलता पूर्वक बिना किसी अन्य अंगों को क्षति पहुंचाए निकाल दिया। ऑपरेशन में लगभग 2 घंटे का समय लगा। चिकित्सकों ने बताया कि ट्यूमर के कैंसर होने की संभावना अत्यधिक होती है, इसलिए उसे हिस्टोपैथोलॉजी जांच के लिए बाहर भेजा गया है। हिस्टोपैथोलॉजी जांच के रिपोर्ट के आधार पर मरीज के परिजनों को आगे के इलाज के लिए परामर्श दिया गया है।



### पिकअप चोरी, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** पिकअप वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरी का वाहन भी बरामद करने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस के अनुसार झारखण्ड पलामू नवाबाजार इटको निवासी बंसत सिंह ने अपने चालक मेहराब पिकअप क्रमांक जेएच 03 एएन 4112 को सब्जी लोड करने के लिए 3 जुलाई को सरगुजा भेजा था। सब्जी लोड नहीं होने के कारण 4 जुलाई को चालक मेहरबा अंसारी पिकअप को चांदनी चौक के समीप खड़ा कर खाना खाने चला गया था।

